अनुक्रमांक ...................................... समय : 1.00 घण्टा

नाम ............................................... पूर्णांक : 25

# प्रश्न-पुस्तिका
# तृतीय सेमेस्टर – 2021
## (विज्ञान)

**निर्देश :**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक प्रश्न के सम्मुख दिये गये हैं।
2. इस प्रश्न-पत्र में तीन प्रकार के प्रश्न हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखें। अति लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग तीस (30) शब्दों में, लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग पचास (50) शब्दों में लिखिए।

---

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**1.** कौन सी गैस सुरक्षित और ज्यादातर सभी आग बुझाने की मशीनों में उपयोग की जाती है - **(1)**

(A) नाइट्रोजन डाइऑक्साइड (B) कार्बन डाइऑक्साइड

(C) सल्फर डाइऑक्साइड (D) नाट्रस ऑक्साइड

**2.** दाब का MKD मात्रक है - **(1)**

(A) न्यूटन (B) न्यूटन/मीटर

(C) न्यूटर/मीटर (D) वर्ग

**3.** सूक्ष्मजीव मनुष्य की आंत में परजीवी के रूप में पाया जाता है जो पिचिस नामक रोग उत्पन्न करता है - **(1)**

(A) जैन्थोमोनास साइट्री (B) एण्टअमीबा हिस्टोलिटिका

(C) साइनोबैक्टीरिया (D) लैक्टोबेसिलस

**4.** बाह्य कर्ण का बना होता है - **(1)**

(A) अस्थि (B) उपास्थि

(C) उरोस्थि (D) इनमें से कोई नहीं

**5.** नवीकरणीय सम्पदा है - **(1)**

(A) मृदा (B) कोयला

(C) पेट्रोल (D) प्राकृतिक गैस

## अति लघु उत्तरीय प्रश्न

**6.** carbon के किसी एक क्रिस्टलीय अपरूप का नाम बतायें तथा उसकी संरचना समझाएं। **(1)**

**7.** शरीर में इंसुलिन की कमी होने पर क्या प्रभाव परिलक्षित होता है ? **(1)**

**8.** पृथ्वी के चारों ओर कितनी ऊँचाई तक वायुमण्डल का विस्तार होता है ? वायुमण्डल का ओजोन स्तर जीवधारियों के लिए कैसे महत्वपूर्ण है ? **(1)**

**9.** थर्मामीटर बनाने में पारा का उपयोग क्यों किया जाता है ? **(1)**

**10.** आर्कमिडीज का सिद्धांत बताइये। **(1)**

**11.** जनसंचार के क्षेत्र में विज्ञान और प्रौद्योगिकी का महत्व समझाइये। **(1)**

## लघु उत्तरीय प्रश्न

**12.** मनुष्य के उत्सर्जन तंत्र का नामांकित चित्र बनाकर कार्य बताएं। **(2)**

**13.** जापानी मस्तिष्क ज्वर किस कारण से होता है, इस रोग के लक्षण तथा बचाव के उपाय बतायें। **(2)**

**14.** प्राकृतिक सम्पदा का अपव्यय मानव जाति के उततरजीविता (Survival) के लिए खतरनाक है, कारण सहित स्पष्ट कीजिए । **(2)**

**15.** संतृप्त तथा असंतृप्त हाइड्रोकार्बन में अंतर बताइये। मेथेन ($CH_4$) को मार्श गैस क्यों कहते है? **(2)**

**16.** बच्चों में होने वाले डायिबटीज (diabetes) को क्या कहते हैं? इसके क्या लक्षण हैं? **(2)**

**17.** अजैव या भौतिक पर्यावरण के घटक उदाहरण सहित बताइये। **(2)**

**18.** वास्तविक प्रतिबिम्ब एवं आभासी प्रतिबिम्ब में अन्तर बताइये। **(2)**

---

**UPDELEDSTUDY.IN**

1. इस प्रश्न-पत्र का विस्तृत हल यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/pyqs/semester-3/vigyan/2021

2. विज्ञान का MCQ टेस्ट यहाँ दें:
https://updeledstudy.in/mcq-tests/semester-3/vigyan/

3. विज्ञान के नोट्स यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/study-materials/semester-3/vigyan/

---

**हमसे जुड़ें**

Telegram: https://t.me/updeledstudyin
YouTube: https://youtube.com/@updeledstudyin

© UPDELEDSTUDY.IN